हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 मार्च 2024

13 टीबी के प्रति जागरूक करने को निकाली साइकिल रैली



14 शहीदी दिवस आज, समारोह की तैयारी के लिए भगत...



**खबर संक्षेप**

## युवक को अवैध देशी पिस्तौल सहित पकड़ा

**तोशाम।** पुलिस ने तोशाम में हांसी चुंगी के नजदीक से जींद निवासी युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू किया है। गत गुरुवार पुलिस को मुखबिर के आधार पर सूचना मिली थी कि जींद निवासी युवक तोशाम में हांसी चुंगी पर वाहन के इंतजार में खड़ा है, जो अवैध हथियार लिए हुए है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो हांसी मार्ग पर युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसकी पहचान जींद निवासी दिनेश के रूप में हुई। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो युवक की पेंट की जेब से एक 32 बोर की देसी अवैध पिस्तौल बरामद हुई।



## पंचायती भूमि से हटवाया सालों पुराना कब्जा

**बाढ़ड़ा।** डांडमा गांव की लगभग नौ एकड़ पंचायती भूमि से पुराना कब्जा हटावाया गया है। शुक्रवार को पुलिस टीम को साथ लेकर बीडीपीओ मनोज के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दिया। उपायुक्त मनदीप कौर ने मामले को लेकर कड़ा संज्ञान लेते हुए बीडीपीओ को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। उपायुक्त ने इस संबंध में बताया कि उनके पास डांडमा की पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा करने को लेकर केस आया हुआ है। उन्होंने सभी तथ्यों को गहनता से देखा और साफ पता चलता है कि पंचायत की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है और संबंधित द्वारा इसमें फसल भी उगाई जा रही है, ऐसा कार्य पिछले लगभग तीन सालों से हो रहा है।



## कुंगड़ में धरनास्थल पर आम सभा का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** कुंगड़ गांव में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने बैंक में हुई हेरा फेरी व फ्रॉड के विरोध में ग्रामीणों द्वारा चलाए जा रहे धरनास्थल पर ग्राम सभा व किसानों की आम सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता गांव के सरपंच नवीन कुमार ने की। सभा में बैंक के पूर्व मैनेजर द्वारा किसानों के साथ किए हेराफेरी व फ्रॉड राशि के समाधान पर चर्चा हुई। इस मौके पर बैंक प्रबन्धन से मांग की कि अभी 600 से ज्यादा खातों से निकाली अनधिकृत पांच करोड़ रुपये की राशि वापस अधिकृत किसानों के खातों में पैसे नहीं डाली हैं, उन्हें तुरन्त डाला जाए।

# इस बार दुल्हंडी पर रहेगा पानी का टोटा पिचकारी नहीं, सूखे गुलाल से खेलें होली

## लोगों के घरों में कहीं तीसरे तो कहीं पर चौथे दिन दी जा रही है पानी की सप्लाई

शहर व कस्बों के अधिकांश जलघर सूखे पड़े है। दूसरी तरफ लोगों के लिए थोड़ी सी राहत भरी खबर ये है कि जुई व मिताथल फीडर में पानी छोड़ा गया है। जो कि आज जलघरों में पहुंचने की उम्मीद है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

इस बार रंगों के त्योहार होली पर शहर व कस्बों में पानी का जबरदस्त टोटा रहने वाला है। पानी के अभाव में अभी तक लोगों के घरों में तीसरे तो कहीं पर चौथे दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है। ऐसे में किसी ने लोगों पर पानी डालकर होली खेली तो हलक सूखना लाजिमी है। चूंकि शहर व कस्बों के अधिकांश जलघर सूखे पड़े है। दूसरी तरफ शहर के लोगों के लिए थोड़ी सी राहत भरी खबर ये है कि आज से जुई व मिताथल फीडर में पानी छोड़ा गया है। जो कि कल सुबह तक जलघरों में पहुंचने की उम्मीद है। पानी पहुंचने के बाद सप्लाई नियमित होने की संभावना बन गई है। पर जब तक जलघरों के टैंकों में पर्याप्त पानी जमा नहीं हो जाता। तब तक पानी की कटौती की तलवार लटकती रहेगी। फिलहाल शहर के लोगों को पानी की समस्या से जुझना पड़ रहा है।

भिवानी शहर ही नहीं कस्बों में भी पीने के पानी की विकट समस्या बनी हुई है। शहर के जलघरों में एक दो दिनों का ही पानी का स्टॉक बचा है। अगर अब भी पानी टैंकों तक पहुंच गया तो भी पानी की सप्लाई नियमित होने में कम से कम तीन दिनों का समय लग जाएगा,जबकि दुलहेंडी दो दिनों बाद होगी। ऐसे में पर्याप्त पानी का स्टॉक न होने की वजह से घरों तक नियमित सप्लाई पहुंचना भी कठिन कार्य होगा। यहां यह बताते चले कि जिले की नहरों में 18 मार्च को पानी पहुंचना था,लेकिन यमुना से पानी कम मिलने की वजह से केवल सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को ही चलाया गया। उसी दिन जुई व मिताथल फीडर बंद थी। इन दोनों पर पड़ने वाले जलघरों में पानी खत्म हो चुका था। जिसके चलते शहर में पीने के पानी की राशनिंग करनी पड़ी थी।



भिवानी। जुई व मिताथल फीडर में पहुंचा पानी। फोटो : हरिभूमि

### जुई व मिताथल फीडर में पहुंचा पानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने गुरुवार को जुई नहर का निरीक्षण किया था। उस वक्त उसमें पानी बहुत मात्रा में बह रहा था। उन्होंने उसी वक्त सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से पानी छोड़े जाने की कही थी। विधायक के निर्देशों के बावजूद शुक्रवार को जुई व मिताथल फीडर में पानी छोड़ दिया गया। पानी कम होने की वजह से जुई में 785 व मिताथल फीडर में 368 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। फिलहाल नहरों पर पड़ने वाले जलघरों तक पानी नहीं पहुंचा था।

### तिलक लगाकर सूखी खेलनी होगी होली

पानी की कमी के चलते इस बार लोगों को तिलक या रंग गुलाल लगाकर ही होली खेलनी पड़ेगी। चूंकि शहर व कस्बों में पानी की विकट स्थिति बनी है। अगर किसी व्यक्ति ने पानी के साथ होली खेली तो उसी वक्त उनके घर में पीने के पानी के लाले पड़ जाएगें। क्योंकि पहले ही पानी की कमी बनी और अगर पानी की बर्बादी कर दी जाए तो यह समस्या दोहरी बन जाएगी। इस बार लोगों को तिलक लगाकर ही होली खेलनी होगी। इस तरह होली खेलने से पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के साथ.साथ पानी की बर्बादी को भी रोका जा सकता है।



## धिराणा कलां में हाईवोल्टेज तार हादसों को दे रही न्योता

**भिवानी।** गांव धिराणा कलां के ग्रामीण बिजली की 11 हजार हाई वोल्टेज की तारों की समस्या से खासे परेशान है, ये तार ग्रामीणों के घरों के ऊपर से गुजर रही है, जिसके चलते हमेशा बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। इस समस्यसा के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका, लेकिन अधिकारियों कोई कदम नहीं उठा रहे, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल हैं। इसके विरोध में बीआर आंबेडकर मेट मनरेगा मजदूर समिति के बैनर तले शुक्रवार को ग्रामीणों ने नारेबाजी की तथा अधिकारियों से समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की गुहार लगाई।

समिति अध्यक्ष दयाकिशन ने कहा कि गांव में 11 हजार हाई वोल्टेज की बिजली की तारें ग्रामीणों के घरों से गुजर रही है, जिसके चलते हमेशा बड़ा हादास होने का अंदेशा बना रहता है। इन तारों की चपेट में आने से पहले भी एक ग्रामीण काल का ग्रास बन चुका, लेकिन फिर भी प्रशासन की आंख नहीं खुली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की कि इन तारों की जगह बदलकर गांव की फिरनी के साथ-साथ लगाए जाए, ताकि हादसा होने से रोका जा सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि ग्रामीणों की समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर अत्तर सिंह, निहाल सिंह, अमित, राकेश, धनराज, कांता, कविता, नीलम, संतलाल, राकेश, मंजू, छाजूराम, राजो देवी, अजीत, नरेश, धर्मेंद्र सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



भिवानी। आयोजित प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीम।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी चैंपियनशिप संपन्न

■ तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्किल कबड्डी चैंपियनशिप में 15 विश्वविद्यालयों की टीमों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह के संयुक्त दिशा निर्देशन एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुरेश मलिक के संयोजन तथा डॉ. लक्खा सिंह के सह संयोजन में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्किल कबड्डी चैंपियनशिप का समापन हुआ। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्किल कबड्डी चैंपियनशिप के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एमडीयू रोहतक के स्पोर्ट्स डायरेक्टर प्रो जगबीर सिंह राठीए बतौर विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा भारती के द्वि प्रांत संयोजक उमेश कुमार तथा डॉ. शमशेर सिंह अहलावत ने शिरकत की।

### सीडीएलयू ने मारी बाजी

इस तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्किल कबड्डी चैंपियनशिप में देश भर के 15 विश्वविद्यालयों से टीमों ने अपनी प्रतिभा की जोर आजमाइश की। इन तीन दिनों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप 2024 में चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा ने प्रथम स्थान, गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार ने द्वितीय स्थान, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी एवं चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप 2024 में देशभर के लगभग 15 विश्वविद्यालय के सैंकड़ों कबड्डी खिलाड़ियों उनके प्रशिक्षक एवं अनेक खेल हस्तियों ने शिरकत की।

# लोस चुनाव : 29 अप्रैल से शुरू होगी नामाकंन प्रक्रिया

■ सी.विजिल एप पर मिली शिकायत का होगा 100 मिनट में समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

18 वें लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने करीब दो दर्जन ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हैं। इन एप का प्रयोग कर कोई भी मतदाता या प्रत्याशी अपनी समस्या का निवारण कुछ ही मिनटों में करवा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों की सुविधाओं के लिए अनेक जागरूकता कार्यक्रम व एप चलाए हुए हैं। सी.विजिल एप भी चुनाव प्रक्रिया में बहुत ही महत्त्वपूर्ण एप है। उदाहरण के तौर पर 18 साल का कोई युवा या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यह सुविधा केवल तब तक है,जब तक कि लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हो जाती। नामांकन पत्रों के दाखिल शुरू होने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। प्रदेश में नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल से आरंभ होगी और 6 मई तक जारी रहेगी। निर्वाचन आयोग ने सी.विजिल के नाम से एक नया एप शुरू किया है। कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट में किया जाएगा।

### ऑन लाइन जमा करा सकेंगे जमानत राशि

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम से एक एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा एप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस एप पर किसी उम्मीदवार की चल.अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है।

**आयोग ने पीडब्ल्यूडी एप आरंभ किया:** दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी एप आरंभ किया है। इस एप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडक़र अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट एप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है। वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप मतदाताओं को अपना डाटा देखने की सुविधा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप के बारे में विस्तार से जानकारी ले सकता है।

## निर्वाचक साक्षरता टीम ने किया मतदाताओं को जागरूक

**चरखी दादरी।** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को ऊण के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 56-दादरी स्वीप नोडल अधिकारी राजबाला फौगाट की अध्यक्षता में एक बैठक कर रैली का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसमें विद्यालय स्टॉफ सदस्य, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर व अभिभावकों सहित सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतन्त्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन साक्षरता टीम द्वारा चुनावी साक्षरता बढ़ाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी इसे अच्छी प्रकार समझकर अपने परिवार, आस-पास के क्षेत्र एवं समाज के अन्य लोगों को वोट बनवाने और मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें।



## भिवानी के 6 युवक-युवतियां बने आपदा वीर, किया सम्मानित

**भिवानी।** आपदा के समय फंसे लोगों तक सहायता पहुंचाकर उनकी जान बचाने के उद्देश्य से हरियाणा रेडक्रॉस द्वारा आपदा वीर बनाने की योजना शुरू की गई है, जिसके तहत युवाओं को आपदा में सहायता के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी कड़ी में रेडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा द्वारा पंचकूला के लक्ष्मी भवन धर्मशाला में 18 से 22 मार्च तक राज्यस्तरीय आपदा मित्र डिजास्टर रिस्पॉन्स ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न जिला शाखाओं के 116 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें भिवानी जिले से 6 रैडक्रॉस स्वयंसवक महेंद्र, सोनू, अमन, नवीन, स्वीटी एवं सिमको ने रेडक्रॅस अध्यक्ष नरवाल के मार्गदर्शन में भाग लिया। मुख्याथिति अंबाला मंडल आयुक्त रेणु फुलिया, उपायुक्त पंचकूला सुशील सारवान, राज्य रेडक्रॉस वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता एवं राज्य रेडक्रॉस के महासचिव मुकेश अग्रवाल ने भिवानी के आपता वीरों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। रेडक्रॉस के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि पांच दिवसीय शिविर के दौरान भिवानी के स्वयंसेवको को रेडक्रॉस सोसायटी का आपदा वीर बनाया गया है, जिनकी सेवाएं किसी भी आपदा के समय जिले में ली जा सकती है।



## आसपास के गांवों के लोगों ने राज्यमंत्री का किया स्वागत

# पलकों पर प्रदेश का बेटा, खरक पहुंच जन्मभूमि पर मत्था टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बवानीखेड़ा हलके के अंतिम छोर पर बसे गांव खरक कलिंगा के लोगों ने सपने में भी नहीं सोंचा होगा कि उनको प्रदेश सरकार में इतना बड़ा नायाब तोहफा मिल जाएगा। शुक्रवार को जब प्रदेश का बेटा (बिसम्बर वाल्मीकि) सरकार में बड़ा वजीर बनकर गांव पहुंचा तो पैतृक गांव ही नहीं आसपास गांवों के लोगों ने मंत्री के स्वागत में पलकें बिछा दी।

जब मंत्री की गाड़ियों का काफिला 152 डी से खरक कलिंगा की सीमा की तरफ मुड़ा तो गांव तक समर्थकों के काफिलें पर खूब फूल व रंग गुलाल उड़ाया। मंत्री को गाजे बाजे के साथ गांव तक लाया गया। किसी ने फूलों की माला तो किसी बुजुर्ग ने मंत्री को आशीर्वाद देकर प्रदेश की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। समर्थक मंत्री को खुली गाड़ी से लेकर गांव में पहुंचे।

मंत्री बनने के बाद पहली बार पैतृक गांव खरक पहुंचे राज्यमंत्री बिसम्बर वाल्मीकि का चहुंओर स्वागत हुआ। जैसे ही बिसम्बर वाल्मीकि गांव में पहुंचे तो सबसे पहले अपनी गाड़ी से नीचे उतरे और अपनी जन्मभूमि को चूमा। गांव की उड़ रही धूल को माथे पर लगाया। उसके बाद उन्होंने गांव खरक खुर्द स्थित दादी तिमौली माता के दरबार पहुंचे और वहां पर जमीन पर लेटकर माता के दरबार में अरदास लगाई। इतनी बड़ी खुशी पर मंत्री ही नहीं हर ग्रामीण की आंखों में खुशी के आंसू भर आए। क्योंकि आज से पहले गांव खरक कलिंगा को इससे बड़ी सौगात नहीं मिली है। उसके बाद मंत्री बिसम्बर वाल्मीकि ने मंदिर में जाकर दादी तिमौली की पूजा अर्चना की। उसके बाद मंत्री का काफिला दादी सती जाबदे के मंदिर पहुंचा और उन्होंने वहां पर भी जमीन पर लेटकर दादी के दरबार में मत्था टेका।





भिवानी। खरक पहुंचने पर जन्मभूमि और जमीन पर बैठ कर दादी तिमौली के दरबार में मत्था टेकते मंत्री बिसम्बर वाल्मीकि।

### खरक में दो दिन पहले होली जैसा नजारा

मंत्री बिसम्बर वाल्मीकि के गांव पहुंचने की सूचना लोगों को पहले ही मिल गई थी। ग्रामीणों ने मंत्री के स्वागत की तैयारी पहले ही कर ली थी। जैसे ही मंत्री गांव में पहुंचे तो ग्रामीणों ने मंत्री के काफिले पर जमकर गुलाल अब्बीर उड़ेला। ऐसा लगा मानों खरक में होली मनाई जा रही है।

## प्राचार्या सहित स्टाफ ने मिलकर दाखिला संख्या बढ़ाने को लेकर बनाई रणनीति



**बवानीखेड़ा।** नए सत्र में विद्यालय में छात्र संख्या में बढ़ोतरी हो इसके लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समय समय पर योजनाएं बनाई जाती हैं और उन्हें अमलीजामा पहनाया जाता है। शुक्त्रवार को भी प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ ने रणनीति बनाई और स्टाफ की ड्यूटियां लगाई ताकि कस्बा के सभी 16 वार्डों मे अलग.अलग स्टाफ द्वारा जाकर परिजनों को जागरूक करके अपने बच्चों को राजकीय विद्यालय में दाखिला करवाएं। प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि उनकी मॉडल संस्कृति वमावि में अनुभवी स्टाफ कार्यरत है। स्टाफ ने अनेकों परीक्षाओं को उतीर्ण करके इस विद्यालय में कार्यग्रहण किया है।



व्हेल मछली उल्टी दिशा में नहीं तैर सकती।



हाथी अपनी सूंड में पांच लीटर पानी रख सकता है।



# कंप्यूटर टीचर बनने के लिए क्या करें



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर हमारे समय की मांग है, चाहे वह समय आज का हो या आने वाला कल दोनों में ही कंप्यूटर की बहुत बड़ी जरूरत है। अगर आप भी कंप्यूटर टीचर बनने के बारे में सोच रहे हैं तो पहले आपको यह सोचना होगा कि आपको कंप्यूटर योग्यता के लिए किस टाइप की डिग्री प्राप्त करनी है। यह सब आपको 10वीं करने के तुरंत बाद ही तय करना पड़ेगा ताकि आप सही समय पर सही फैंसला ले सकें। एक अच्छी कंप्यूटर योग्यता हासिल करने के बाद आप स्कूल या कॉलेज में कंप्यूटर टीचर के पद पर नियुक्ति पा सकते हो। और वह कंप्यूटर टीचर की नौकरी प्राइवेट या सरकारी दोनों ही मिल सकती है।

## भारी डिमांड

विभिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों पर कंप्यूटर के कार्यों पर नौकरी निकलती रहती है अगर आपके पास उच्च कंप्यूटर योगयता है तो आप इन पर समय समय पर अप्लाई कर सकते है। उनकी शर्तों को पूरा करते हुए आप इन पदों पर सलेक्ट भी होते हैं। अगर आपके पास कोई कंप्यूटर संबंधित कोर्स किया हुआ है तो आपकी सिलेक्शन के चांस बढ़ जाते हैं। इस लेख में आगे हम आप को कुछ कंप्यूटर कोर्सेज की लिस्ट देंगे और यह भी बताएंगे के कंप्यूटर कोर्स कैसे करें। आज का दौर ऑनलाइन का है और आज कल बहुत से कक्षाओं में ऑनलाइन पढाई होती है और वह ऑनलाइन क्लासेज का पूरा मैनेजमेंट कंप्यूटर टीचर के हाथ में ही होता है। स्कूल में कंप्यूटर टीचर की जरुरत तो हर हालत में होती ही है और उच्च शैक्षिक योगयता हासिल करके आप इन पदों के लिए सक्षम हो सकते हैं। आप कंप्यूटर टीचर से संबंधित कुछ कोर्स करने के बाद कंप्यूटर टीचर के पदों पर अप्लाई कर सकते हैं। कंप्यूटर टीचर कैसे बने इस टर्म को समझने के लिए आप को कंप्यूटर टीचर से जुड़ी सभी बातों को जानना आवश्यक होता है।

## ये योग्यताएं जरूरी

किसी भी स्कूल या संस्थान में विषय-विशेष की फैकल्टी भर्ती करने के लिए विशेष मानक होते हैं। यदि कोई व्यक्ति कम्प्यूटर टीचर बनना चाहता है तो उसके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएं होना जरूरी है। जो इस प्रकार हो सकती हैं।

- स्कूल स्तर में कम्प्यूटर टीचर हेतु क्रमशः बीसीए अथवा पीजीडीसीए डिग्री होनी चाहिए या किसी प्रसिद्ध कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा हो।
- कॉलेज में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर सबजेक्ट पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए आपके पास एमएससी डिग्री होना जरूरी है।



- सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर जिस भी विषय में आप विशेषज्ञ है, उस विषय का फंडामेंटल नॉलेज होना जरूरी है।
- बतौर कम्प्यूटर टीचर आपके पास प्रोग्रामिंग कौशल है तो सोने पे सुहागा साबित होगा।
- विद्यार्थियों तक अपने विचार, जानकारी पहुंचाने का सहज और आकर्षण गुण आपके पास होना चाहिए।
- अपने विषय पर कमांड और उस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से भी अपडेट होना आवश्यक है।

## कैसे बनें कंप्यूटर टीचर

- कम्प्यूटर विषय से ग्रेजुएशन करने के बाद देश के प्रसिद्ध कॉलेज में पढ़ाने के लिए आपको एग्जाम देने होते हैं। जिसके बाद ही आप कम्प्यूटर टीचर बन पाते हैं। निम्नलिखित क्राइटेरिया को पूरा करके आप कम्प्यूटर टीचर बन सकते हैं।
- अगर, आप किसी कॉलेज में लेक्चरर बनना चाहते हैं तो आपको नेट एग्जाम क्लियर करना पड़ेगा।
- दूसरी ओर किसी स्कूल में कम्प्यूटर टीचिंग करना चाहते हैं तो टीचर इलीजिबिलिटी टेस्ट या फिर कई सारे विद्यालयों द्वारा टीचर्स की भर्ती के लिए बनाए गए मापदंड़ों को पूरा करना पड़ सकता है।
- अगर, आप एक सरकारी कम्प्यूटर टीचर बनना चाहते हैं और किसी गवर्नमेंट कॉलेज में पढ़ाना चाहते हैं तो इसके लिए पहले आपको यूजीसी अथवा सीएसआईआर-नेट क्वालीफाइड सर्टिफिकेट की परिक्षा उतीर्ण करनी पड़ती हैं।

### नौकरी के कई अवसर

अगर, अभी भी आपके मन में शंका है कि आगे आने वाले समय में कम्प्यूटर का भविष्य क्या होगा। तो बता दें पिछले एक दशक से लगातार भारत देश में कम्प्यूटर शिक्षकों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। क्योंकि, कम्प्यूटर की उपयोगिता और वर्तमान समय में इसके लाभ को देखते हुए बचपन से ही छात्रों को कम्प्यूटर सीखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यदि आपको इस फील्ड में अच्छा नॉलेज और अनुभव है तो आप इसमें एक शानदार करियर देख सकते हैं. और कम्प्यूटर टीचर बनने की तैयारी अभी से शुरु कर सकते हैं। हम डिजिटल दुनिया में जी रहे हैं जहां सारी दुनिया एक-दूसरे से कनेक्टेड है। आज गांव के कोने में बैठा एक व्यक्ति की वीडियो देश-विदेशों में देखी जा रही है। अगर, आपके पास भी कम्प्यूटर टीचिंग का ज्ञान है जिससे आप दूसरों की सहायता कर सकें तो पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कत नहीं आएगी। यूट्यूब जैसे अनेक ऐसे प्लैटफॉर्म है, जहां पर आप अपने टीचिंग का हुनर दिखाकर स्कूल या कॉलेज टीचर की भांति ही अच्छी कमाई कर सकते हैं। आप बतौर कम्प्यूटर टीचर डेटा विश्लेषक का कार्य भी कर सकते हैं। डेटा एनालिटिस्ट वह व्यक्ति होता है जो डेटा को रॉ फॉर्म में प्राप्त कर उसे प्रोसेस कर समझने योग्य सूचना बनाता है।


### आइक्यू लेवल अधिक है तो यह विकल्प है आपके लिए

# फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है तो फिल्म डायरेक्टर बन चमकाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद




व्यक्ति अपनी रूचि के आधार पर अपने भविष्य को निर्धारित करने की सोचता रहता है। व्यक्ति अपने रुचि के आधार पर ही भविष्य को बनाए तो अच्छा रहेगा। किसी के दबाव में आकर यदि व्यक्ति अपने भविष्य को बनाने जाए तो अधिकतर लोगों को ऐसी परिस्थिति में और सफलता मिलती है। यदि आपको फिल्मों और फिल्म इंडस्ट्री में रुचि है, तो ऐसे में आपके लिए करियर ऑप्शन के तौर पर एक फिल्म डायरेक्टर बनने का भी ऑप्शन होता है। फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते हैं? यह सवाल अक्सर लोग पूछते रहते हैं लेकिन यदि आपकी माइंड क्रिएटिविटी अधिक है या आपके माइंड का आइक्यू लेवल अधिक है तो आप फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। इसके लिए ना तो ज्यादा पढ़ाई की जरूरत है और ना ही किसी अन्य सर्टिफिकेट की जरूरत है। आप अपने टैलेंट के दम पर फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए कई प्रकार के पढ़ाव व्यक्ति को अपने जीवन में पार करने होंगे। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फिल्म डायरेक्टर कैसे बन सकते है। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।




## कौन होता है फिल्म डायरेक्टर

किसी भी फिल्म को बनाने में फिल्म डायरेक्टर की मुख्य भूमिका होती है। फिल्म डायरेक्टर हिट फिल्म को बनाने के लिए पूरी कोशिश करता रहता है। फिल्म डायरेक्टर के बिना फिल्म बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। फिल्म पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक फिल्म डायरेक्टर की निगरानी के अंदर बनती है। फिल्म बनाने के सभी कार्य को निर्देशित करने वाला व्यक्ति फिल्म डायरेक्टर ज्ञान निर्देशक चलाता है। आज के समय में फिल्म बनाना काफी एडवांस हो गया है। यहां एक व्यक्ति बहुत सारे किरदार निभा रहा है। कई लोग इस फिल्म में अभिनेता होने के साथ-साथ फिल्म डायरेक्टर का काम भी करते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनना व्यक्ति के लिए एक चुनौती भी है। क्योंकि यहां पहुंचने के लिए काफी मेहनत लगती है। लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए किसी भी प्रकार से पढ़ाई की कोई जरूरत नहीं होती है। व्यक्ति आठवीं दसवीं पास भी फिल्म डायरेक्टर बन सकता है।

## करने पड़ते हैं ये महत्वपूर्ण काम

किसी भी फिल्म बनाने में मुख्य भूमिका फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म के सभी एक्टिविटी को फिल्म डायरेक्टर के द्वारा निर्देशित किया जाता है। फिल्म की कहानी से लेकर फिल्म पूरी होने तक की संपूर्ण जिम्मेदारी फिल्म डायरेक्टर की होती है। फिल्म डायरेक्टर जो फिल्म के सभी किरदार के रोल को प्ले करवाता है। कैमरा की शूटिंग करवाता है, फिल्म की जगह का चयन करता है। उस फिल्म किस कहानी पर बनानी है इसका निर्धारण करता है। फिल्म की शूटिंग किस टाइप से करनी है। इसका निर्धारण करता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के कई कार्य होते हैं। फिल्म डायरेक्टर का सबसे पहला काम फिल्म की कहानी का चयन करना होता है। फिल्म की कहानी का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को फिल्म के शूटिंग की बेहतरीन जगहों का चयन करना होगा। फिल्म की शूटिंग के लिए बेहतरीन जगह का चयन करने के पश्चात फिल्म डायरेक्टर को किरदार पर कौन से अभिनेता व अभिनेत्री को काम देना है इनका चयन करना होगा। फिल्म डायरेक्टर ही तय करता है कि फिल्म की कहानी किस आधार पर टूट की जाएगी और सूट करने के लिए क्या लोकेशन रखना है कैसे शूट करना है इन सभी पर मुख्य ध्यान दिया जाता है। फिल्म डायरेक्टर हीरो और हीरोइन को एक्टिंग के लिए और हर टास्क को अच्छे से पूरा करने के लिए निर्देशित करते हैं।

## जरूरी योग्यताएं

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए ऐसी कोई खास योगिता की जरूरत नहीं होती है। लेकिन फिर भी फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति को विशेष प्रकार से कई प्रकार की योग्यता को पूरा करना होगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए किसी भी प्रकार की पढ़ाई की जरूरत नहीं होती है। लेकिन आपके पास अनुभव होना चाहिए। अनुभव के बिना आज फिल्म को डायरेक्ट नहीं कर पाएंगे और आपको फिल्म डायरेक्ट करने का मौका भी नहीं मिलेगा। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए व्यक्ति के बाद आत्मविश्वास होना चाहिए। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए योग्यता के तौर पर आपको फिल्म डायरेक्टर कोर्स के सर्टिफिकेट की भी अक्सर जरूरत पड़ती है।



## सर्टिफिकेट इन एनिमेशन

- फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए सर्वप्रथम अपने अंदर फिल्मों की सूची को बढ़ाना होगा और अपने टैलेंट को स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही बाहर निकालने का प्रयास करना चाहिए।
- आज के समय में कई प्रकार के सर्टिफिकेट की जरूरत भी होती है ऐसे में आप फिल्म डायरेक्शन के क्षेत्र में यदि अपना करियर बनाना चाहते हैं तो फिल्म डायरेक्शन और सिनेमा से जुड़े कई प्रकार के डिप्लोमा होने से कुछ डिप्लोमा हासिल करके फिल्म डायरेक्टर बन सकते हैं।
- बेहतर योजना के साथ स्कूल व कॉलेज में ड्रामा और प्रोग्राम में भाग लेकर अपने टैलेंट को लोगों के सामने पेश करें।
- कई आइडियल शॉ प्रतिवर्ष होते हैं उन्हें अपनी क्रिएटिविटी को बाहर लाएं और फिल्म इंडस्ट्री की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़े।
- टेलीविजन डायरेक्टर बनकर अपने करियर की शुरुआत करने का प्रयास करें या छोटे-मोटे किसी अभिनय जान नाटक के डायरेक्टर बंद कर इस इंडस्ट्री में अपने कदम को रखते हुए आगे बढ़े।
- जब आप टेलिविजन डायरेक्टर या किसी अन्य नाटक में डायरेक्टर पद पर अच्छे से काम कर रहे हैं। तो आपको कई चांस होते हैं, कि फिल्म डायरेक्टर पद पर आपको नौकरी मिल जाती है।
- आप अपनी जान पहचान के आधार पर भी फिल्म डायरेक्टर की नौकरी फिल्म इंडस्ट्री में हासिल कर सकते हैं।

## फिल्म डायरेक्टर के कोर्स

फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए आपको कई प्रकार के सिनेमा से जुड़े कोर्स करने होते हैं। फिल्म डायरेक्टर बनने के लिए जरूरी कोर्स की सूची हम आपको नीचे कुछ इस प्रकार से प्रदान करवा रहे हैं।

- बेचलर इन सीनेमेटिक
- पीजी इन फिल्म डायरेक्शन
- बेचलर इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन फिल्म एंड टीवी प्रोडक्शन
- बीएससी इन सिनेमा
- डिप्लोमा इन डायरेक्शन
- डिप्लोमा एंड पीजी डिप्लोमा इन फिल्म डायरेक्शन
- पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड कम्यूनिकेशन

## भविष्य में स्कोप

फिल्म डायरेक्टर बनने वाले व्यक्ति के भविष्य के इसको कि यदि बात करें, तो फिल्म इंडस्ट्री में जाने के पश्चात स्कोप की कोई कमी नहीं है। क्योंकि फिल्म उद्योग दिन प्रतिदिन बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है और ऐसे में यदि आप फिल्म इंडस्ट्री में कैरियर की बात करें तो यहां हजारों करियर ऑप्शन आपको अलग-अलग मिल जाएंगे। आप फिल्म डायरेक्टर की नौकरी करते करते आप फिल्म प्रोडक्शन भी बन सकते हैं। इससे बड़ा कोई स्कोप नहीं हो सकता है। इसके अलावा भी फिल्म डायरेक्टर के मुख्य फ्यूचर स्कोप कौन-कौन से हैं। इसकी जानकारी हम आपको नीचे दे रहे हैं।

- अभिनेता और अभिनेत्री बन जाना
- कहानी लेखक बन जाना
- खुद की फिल्म बनाना
- फिल्म के प्रोड्यूसर बन कर काम करना
- फिल्म में अन्य रोल पर भी प्ले करना
- फिल्म डायरेक्टर बनने के पश्चात आप कई तरह से फिल्म के अलग-अलग किरदार के अनुभव को आसानी से सीख सकते हैं और उसके पश्चात आप भी उन किरदार पर काम कर सकते हैं या खुद का फिल्म बनाने तक भविष्य में आगे जा सकते हैं।

# भारत के युवाओं को पाखंड और पाखंडियों की पहचान करने की कला सीखनी होगी



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

भारत के युवाओं को जब मैं पाखंड की शरण में जाता देखता हूं तो मुझे बड़ा तरस आता है, विश्व के सबसे बड़े और महा ऋषि स्वामी दयानंद सरस्वती जी के देश में इतना पाखंड जिसमे भारत की वो युवा पीढ़ी निगली जा रही हैं। इसके लिए बड़ा ही चिंतन और मंथन की जरूरत हैं। मैं अगर आज से 30 से 40 वर्ष पहले की बाद करूं तो कोई भी युवा पाखंड से प्रभावित नही थे परंतु लगभग पिछले 20 वर्षो से पाखंड बहुत तेजी से फैल रहा हैं। युवा साथियों, दो देवता तो कुछ साल पहले अवतरित हुए, पहला शनि देवता तथा दूसरा सांई देवता। पूरी युवा पीढ़ी शनि तथा साईं के चक्कर में उलझते जा रहे हैं, हमारे देखते देखते पिछले कुछ सालों में ही शनि तथा साईं के इतने स्थल बन गए जो वेद विरुद्ध कार्य करते हैं।

## काला धागा बांधना भी पाखंड

कोई इस पर चिंतन मंथन नही करता कि पहले तो ये शनि और साईं देवता नही थे वो अब कहां से प्रकट हो गए, यहीं तो युवाओं को जानने की जरूरत हैं। अरे मुझे आश्चर्य होता है कि आज के लड़के लड़कियों हाथों में तथा पैरों में भी काले धागे बांधते हैं, लोग गाडियों में नींबू मिर्ची लगा कर बिना हेलमेट तथा बिना बेल्ट लगा कर चलाते हैं। युवा साथियों नींबू मिर्ची आपकी जान नही बचाएगी, जान तो हेलमेट तथा बेल्ट ही बचाएगी। लोग, छोटी सी प्रोब्लम होते ही भाग पड़ते है, बूझा निकलवाने के लिए, और वहां 500 अथवा 1000 रुपए देकर, ठगी करा कर आते है तथा कहते सब अच्छा हो गया। युवा साथियों आपका जीवन राष्ट्र को विकसित करने में अपनी भूमिका तय करना है ना कि सारा समय इस पाखंड में उलझना हैं, दोस्तो ये व्यवसाय है। अब मैं युवाओं को मेहनती, कर्मठ, शोध तथा सच्चाई को अपनाने के लिए संकल्प लेने की बात कर रहा हूं। आओ अब विमर्श करते है जो गतिविधियां जीवन को पाखंड में डालती हैं, उससे पहचानने तथा बचने की आवश्यकता हैं।

- किसी के पास अपना भविष्य जानने जाना, निरा पाखंड हैं, अरे जो व्यक्ति सड़क किनारे बैठा है या अपनी दुकान सजाकर बैठा है वो अपना तो भविष्य सुधार नहीं सकता, वो दूसरे का भविष्य क्या सुधरेगा।
- हाथ पैरों में काले, पीले, लाल धागे बांधना।
- हर दिन अलग अलग रंग के कपड़े पहनना।
- शनि, को देवता मानना। जो की केवल एक ग्रह है और वो किसी के ऊपर नही चढ़ता क्योंकि वो पृथ्वी से भी बड़ा हैं।
- साईं बाबा को ईश्वर मानना भी तो पाखंड हैं।
- हस्तरेखा दिखाना और उस पर विश्वास करना।
- देवता केवल पांच है अग्नि, जल, वायु, धरती, और आकाश, जो हमे जीवन देते हैं, बाकी सब पाखंड हैं।

## इनसे दूर रहने की जरूरत

- भगवान श्री कृष्ण को अपनी डलियां में लेकर घूमना।
- पवित्र पेड़ो में धागे बांधना, नारियल बांधना।
- चौक चौराहे पर टोने टोटके करना भी सबसे बड़ा पाखंड हैं।
- नए घर बना कर, उसके सामने काला मुखौटा, अथवा टायर बांधना भी तो पाखंड हैं।
- गले में किसी भी प्रकार के ताबीज बांधना।
- बाजू में काले धागे बांधना, गले में भी काले धागे बांधना भी पाखंड हैं।
- किसी के घर में कोई भी टोना टोटका करना, किसी के घर में आग लगा देना, किसी के घर में मांस या खाने की चीजे डालना।
- किसी बच्चे के बाल काटना, किसी के वस्त्र कटना भी टोना हैं परंतु ये पाखंड है, ऐसे लोगो का मानसिक इलाज कराने की आवश्यकता हैं।
- बड़े बड़े भविष्य दिखाकर गरीबों को ठगना भी पाखंड हैं। भगवान तुम्हारी कठपुतली नही है जैसा चाहो वैसा व्यवहार करो।
- दिन के अनुसार अलग अलग रंग के कपड़े पहनना शुभ मानते है तो ये पाखंड हैं।
- अपने दिमाग पर ताला लगा कर तर्क हीनता भी पाखंड हैं। महिलाओं में भूत प्रेत की घटनाएं भी तो पाखंड का सबसे बड़ा दृश्य हैं। किसी पशु पक्षियों की बलि चढ़ाना।
- किसी के कहने पर छोटे छोटे बच्चो के साथ गलत कार्य कर देना जो उनकी जान के लिए खतरा भी हो सकता हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हिंदी किस भाषा परिवार की भाषा है
(ए) भारोपीय (बी) द्रविड़
(सी) ऑस्ट्रिक (डी) चीनी-तिब्बती

**2.** भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा कौन सी है
(ए) हिंदी (बी) संस्कृत
(सी) तमिल (डी) उर्दू

**3.** हिंदी भाषा का जन्म हुआ है
(ए)अपभ्रंश (बी) लौकिक संस्क्रत
(सी)पालि-प्राकृत (डी) वैदिक संस्कृत

**4.** निम्न में से कौन सी बोली अथवा भाषा हिंदी के अंतगर्त नहीं आती है
(ए) कन्नौजी (बी) बांगरू
(सी) अवधी (डी) तेलुगु

**5.** हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है
(ए) राजभाषा (बी) तकनीकी भाषा
(सी) राष्ट्रभाषा (डी) काव्यभाषा

**6.** भारतवर्ष में हिंदी को आप किस वर्ग में रखेंगे
(ए) राजभाषा
(बी) राष्ट्र भाषा
(सी) विभाषा
(डी) तकनीकी भाषा

**7.** दूढाली बोली है
(ए) पश्चिमी राजस्थान की
(बी) पूर्वी राजस्थान की
(सी) दक्षिणी राजस्थान की
(डी) उतरी राजस्थान की

**8.** ब्रजबुली नाम से जानी जाती है
(ए) पंजाबी
(बी) मराठी
(सी) गुजराती
(डी) पुरानी बांग्ला

**9.** निम्न में से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है
(ए) गुजराती
(बी) उड़िया
(सी) मराठी
(डी) सिन्धी

**10.** एक मनई के दुई बेटवे रहिन। ओह माँ लहरा अपने बाप से कहिस - दादा धन मां जवन हमर बखरा लागत होय तवन हमका दै द। यह अवतरण हिंदी किस बोली में है
(ए) भोजपुरी
(बी) कन्नौजी
(सी) अवधी
(डी) खड़ी बोली

उत्तर 1.(ए) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(डी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(सी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



### वीसी प्रो. दीप्ति धर्माणी का किया स्वागत

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि की नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी का समर्पण हरियाणा के जिला कॉर्डिनेटर प्रोफेसर राजकुमार शर्मा मुंढाल, टीम सदस्यों तथा क्षेत्र के शिक्षाविदों ने पौधा भेंटकर स्वागत किया और पौधरोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रोफेसर राजकुमार ने कुलपति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीबीएलयू का शौभाग्य एवं अनूठा संयोग है कि कुलपति और कुलसचिव दोनों ही भारतीय नारी की शक्ति एवं देश के भविष्य को उज्वल बनाने में मार्गदर्शक की भूमिका की जीवंत मिशाल है।

### महेन्द्र कतवार बने पैक्स के चैयरमैन

**तोशाम।** दी भिवानी को-ऑपरेटिव बैंक पटोदी पैक्स का चुनाव शुक्रवार को निरीक्षक ऊषा रानी,उप निरीक्षक राजकुमार तथा पैक्स प्रबंधक नरेंद्र की देखरेख में आयोजित किया, इसमें 10 में से 8 सदस्य हाजिर हुए तथा दो सदस्य गैरहाजिर रहे। एक्ट के तहत एक तिहाई बहुमत हासिल होने पर अधिकारियों को चुनाव करवाना पड़ा। हाजिर सदस्यों में अनिता संडवा, मुकेश देवी संडवा, सरजा हसान, हेमंत खरकड़ी माखवान, महेन्द्र कतवार, मुकेश साहलेवाला, सोमबीर बुशान, ईश्वर उपस्थित रहे।

### श्रीअग्रसेन महिला मंडल ने होली पर्व मनाया

**भिवानी।** श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में अपनाघर आश्रम में श्रीअग्रसेन महिला मंडल द्वारा होली का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान मंडल की महिलाओं ने अपना घर आश्रम पहुंचकर तथा वह रह रहे प्रभुजनों को तिलक लगाकर एवं फूलों की होली खेलकर जल संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाया। वहीं प्रभुजी के चेहरों पर मुस्कान लाने का भी काम किया। प्रभुजनों के साथ भजन-कीर्तन, होली के गीत एवं नृत्य के साथ रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जताया विरोध

**भिवानी।** आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमेटी सदस्य इंदु शर्मा ने आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध जताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी से साफ पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ईडी व सीबीआई का अपनी नीजि फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है। इंदु शर्मा ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या बताया।



### प्रतिभाओं को निखारने में जजपा सदैव प्रयत्नशील

**चरखी दादरी।** जननायक जनता पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभाओं को और अधिक निखारने के लिए अनेक कार्य किए हैं। पिछले 4 वर्ष के कार्यकाल के दौरान 46 गांव में विधायक आदर्श ग्राम योजना में म्यूजिक कोर्स से युवाओं के लिए जिम का सामान भेंट किया है, जिसे गांव स्तर पर युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो रही है ये बात विधायक नैना सिंह चौटाला ने गांव बडराई के श्रीश्याम मंदिर परिसर में आयोजित 18वें विशाल भंडारे व खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कही। विधायक नैना सिंह ने मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के चरणों में मत्था टेका और पूजा-अर्चना कर आमजन की भलाई और समृद्धि की कामना की। नैना ने गांव चान्दवास के दादा चंदन सिद्ध धाम में आयोजित विशाला भंडारा में शिरकत कर आशीर्वाद लिया।

### कार्यवाहक सिविल सर्जन ने रैली को हरी झंडी दिखाई

# टीबी के प्रति जागरूक करने को निकाली साइकिल रैली

**निक्षय मित्रों ने 40 टीबी के मरीजों को पोषण किट बांटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर स्थानीय सामान्य हस्पताल में टीबी से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एनसीसी तथा स्काउट के बच्चों के ने शहर में साइकिल रैली निकाली। इस टीबी साइकिल रैली को कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ. सुनील ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि जिला भिवानी में सभी सीएचसी और पीएचसी पर भी लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस मौके पर निक्षय मित्रों द्वारा 40 टीबी के मरीजों को पोषण किट बाटी तथा एनटीईपी के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सिविल सर्जन ने प्रशंसा पत्र देंकर सम्मानित किया।

कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉ. सुनील ने कहा कि टीबी दिवस हर वर्ष 24 मार्च को मनाया जाता है। इसी कडी में टीबी से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एनसीसी तथा स्काउट के बच्चों के द्वारा शहर में साईकिल रैली निकाली गई। टीबी रोग एक बेहद ही खतरनाक फेफड़ो का रोग है, लेकिन यह दिमाग, गर्भाशय के अतिरिक्त शरीर के किसी भी भाग में हो सकता है। यह बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण फेफड़े सहित रक्त प्रवाह के साथ शरीर के अन्य भागों में भी फैलता है। यह हड्डियों के जोड़, आंत, मूत्र व प्रजनन तंत्र के अंग, त्वचा और मस्तिष्क के उपर की झिल्ली आदि में भी हो सकता है। कार्यवाहक सिविल सर्जन ने बताया कि हम सब की यह जिम्मेवारी भी बनती है कि टीबी के मरीजों को प्रेरित करे कि वे भी समय पर दवाई ले, समय पर खाना खाएं, व्यायाम करे तथा साथ अपने आस पास साफ सफाई का भी ध्यान रखेगें तो वे भी हमारी तरह टी बी की बीमारी को दुर भगा सकते है क्योंकि यह बीमारी ऐसी नही है कि जिससे हम लड़ाई लड़के इसको भगा न सके। उन्होंने बताया कि अगर काई भी टीबी का मरीज अपना पूरा ध्यान नही रखता है या खांसते या छिंकते समय मुंह पर कपडा नहीं रखता है तो वह व्यक्ति 10 से 15 व्यक्तियों को टीबी को मरीज बना सकता है इसलिए टीबी के मरीज को यह भी ध्यान रखना है कि वह खांसते या छिंकते समय मुंह पर कपडा अवश्य रखे। टीबी से ग्रस्त होने पर भूख कम लगती है वही व्यक्ति को सुस्ती, थकान और कभी.कभी रात में पसीना आना, हल्का बुखार बना रहना आदि लक्षण है। आमतौर पर बीमारी खत्म होने के लक्षण दिखने पर मरीज को लगता है कि वह ठीक हो गया है और ईलाज रोक देता है इसलिए डॉक्टर से बिना पूछे दवा बन्द ना करें। अगर कोई भी व्यक्ति समय पर टीबी का इलाज करवाता है तथा समय पर पूरी दवाईयां ले लेता है तो टीबी ठीक हो सकती है। अगर किसी भी व्यक्ति को टीबी के प्रति कोई भी जानकारी लेनी है तो वह हैल्पलाइन नंबर 1800.11.6666 पर कॉल कर सकता है या टीबी आरोग्य साथी एप को मोबाईल में डाउनलोड करके सभी जानकारी टीबी के प्रति ले सकता है।

## फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में कार्यक्रम

- नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में होली के रंग अपनों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम विशेष तौर पर बच्चों के विकास और संवाद को ध्यान में रखते हुए किया। कार्यक्रम का आयोजन एचडी स्कूल निदेशक बलराज फौगाट, खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट व डॉ. बीएन वर्मा ने मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ किया।

मुख्यतिथि एसएचओ चरखी दादरी सोनिया का पुष्पगुच्छ भेंटकर व बैज लगाकर स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी तथा अपनी कला क्षमताओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नन्हें-नन्हें बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतयां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल निदेशक फौगाट ने बच्चों की प्रगति और उनके प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में वंदना, महिमा, ज्योति, सोनिया एवं निशा का योगदान सराहनीय रहा। इस मौके पर डॉ. अनिता फौगाट, एमसी मनोज वर्मा, एमसी विनोद, नवीन प्रजापत, सब्जीमंडी व्यापार मंडल के प्रधान नन्दलाल गुप्ता व समाजसेवी रेखा मदान का स्वागत किया गया।

### महाराणा प्रताप महिला कॉलेज में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**भिवानी।** महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में होली के अवसर पर एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की रंगोलियां बनाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ बच्चों ने होली की सादगी के बारे में अवगत कराया और इस त्योहार को अच्छे से मनाने का संकल्प भी लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका में महाराणा प्रताप एजुकेशनल कालेज के प्रिंसीपल डॉ. विनय शर्मा , मोनिका परमार , किरण और चंचल ने निभाई। प्रतियोगिता में लता को प्रथम स्थान अमीषा और ज्योति को द्वितीय व बबली ,पायल और महक को तृतीय स्थान मिला।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी व खाते फ्रीज करने की श्रुति चौधरी ने की निंदा

- संविधान खतरे में, जनता को देना होगा कड़ा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रीज करने से सिद्ध हो गया है कि केंद्र की मोदी सरकार इंडिया गठबंधन से घबरा कर तानाशाही पर उतर आई है। यह बात हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने मीडिया को जारी बयान में कही।

उन्होंने केजरीवाल को हिरासत में लिये जाने की आलोचना करते हुए कहा कि देश के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी मौजूदा मुख्यमंत्री के साथ इस प्रकार का दुर्भावना प्रेरित व्यवहार किया गया हो। देर रात दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को बिना किसी दोष सिद्धि के गिरफ्तारी करना सरेआम लोकतंत्र की हत्या है। ऐसा ही झारखंड में हेमंत सोरेन के साथ किया गया था। उन्होंने कहा कि जनता को इसका कड़ा जवाब देना होगा। हरियाणा ही नहीं देशभर में लोगों का रुझान तेजी से इंडिया गठबंधन की ओर बढ़ता देख मोदी सरकार ओछे हथकंडे अपना रही है। सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग विरोधियों को प्रताड़ित करने के लिए कर रही है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया होली उत्सव

**चरखी दादरी।** भाजपा महिला मोर्चा ने शहर के रोज गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा की जिलाध्यक्षा डॉ. किरण व भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा कश्मीरी देवी ने शिरकत की। समारोह में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी।

भाजपा जिलाध्यक्षा डॉ. किरण ने बताया कि होली का त्यौहार सभी आपसी मतभेद बुलाकर आपस में रंग लगाकर खुशियों भरे त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। डॉ. किरण ने बताया कि जिस प्रकार विभिन्न प्रकार के रंग एक दूसरे में घुल मिलकर सतरंगी खुशियों का अहसास दिलाते हैं होली भी खुशी का अहसाल दिलाती है।

## मानव शृंखला से बनाई घर की आकृति

- लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल का गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस में नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** मानव श्रृंखला बनाकर घर की आकृति बनाते विद्यार्थी व शिक्षक।

लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनाकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। स्कूल प्रांगण में मुविश रियलटैक प्राइवेट लिमिटिड कंपनी की फर्म क्युबिक होमस व लिटिल हार्टस के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनाकर घर का सबसे बड़ा मानवीय चित्रण प्रस्तुत किया। विद्यालय के एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि 26 मई 2019 को आयरलैंड के डबलिन में 787 व्यक्तियों की श्रृंखला बनाकर घर का मानवीय चित्र बनाकर कीर्तिमान स्थापित किया था। लिटिल हार्टस के 1830 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने घर की आकृति में मानव श्रृंखला बनाकार नया कीर्तिमान स्थापित किया और अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस में दर्ज करवाया। इस अवसर पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस के इंडिया हैड आलोक ने लिटिल हार्टस व कम्पनी को प्रमाण-पत्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नई दिल्ली से राजकुमार गर्ग, सुनीता गर्ग आदि पहुंचे।

## पोक्सो एक्ट व मध्यस्थता अधिनियम एक्ट के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं प्राधिकरण के सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी की अध्यक्षता में मध्यस्थों, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के लिए किशोर न्याय ;बच्चों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम व पास्को अधिनियम और मध्यस्थता अधिनियम, 2023 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्थता पैनल अधिवक्ता शीला तंवर ने बताया कि विवाद में पक्षों के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान एडीआर तंत्र के रूप में हमेशा उपलब्ध रही है। मध्यस्थता एक ऐसे तंत्र के रूप में भी सामने आती है जिसे विवादकर्ताओं की जरूरतों के अनुरूप बनाया जा सकता है, जो विवाद समाधान के लिए अत्यधिक लचीली और अनुकूलनीय प्रक्रिया की पेशकश करता है। इसलिए मध्यस्थता अधिनियम, 2023 को उद्योग और कानूनी बिरादरी द्वारा प्रगतिशील के रूप में देखा जाता है। मध्यस्थता प्रक्रिया का संस्थागतकरण और आगामी समझौतों को लागू करना इस अधिनियम को हमारे जैसे मुकदमेबाजी वाले देश के लिए एक बहुप्रतीक्षित विकास बनाता है।

### सीपीआई(एम) ने की मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा

**भिवानी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। पार्टी के जिला सचिव सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि तानाशाहीपूर्ण कार्यवाही से ये स्पष्ट हो गया कि भाजपा स्वयं के भ्रष्ट आचरण, चुनावी बांड विवरणों के उजागर होने से घबरा गई है, इसलिए वे बदले की भावना से विपक्षी नेताओं को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किये जाने वाले इंडिया मंच के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दूसरे मुख्यमंत्री हैं।

## आचार संहिता की अनुपालना हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम


**तोशाम।** पंचायत प्रतिनिधियों को दिशा निर्देश देते बीडीपीओ। फोटो : हरिभूमि

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित बैनीवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही जिले में भी आदर्श आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। उन्होंने खंड के अंतर्गत आने वाले गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से अनुपालना करने में सहयोग देने की अपील की। बीडीपीओ शुक्रवार को खंड कार्यालय में सरपंचों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि ऐसे क्रिया-कलाप में संलिप्त न हो, जिससे समाज में मतभेद, घृणा की भावना या तनाव पैदा हो। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बैनीवाल ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर झंडे, पोस्टर और बैनर आदि प्रचार सामग्री लगाने पर पाबंदी रहेगी।

किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति पर उसकी अनुमति के बगैर यह सामग्री नहीं लगाई जा सकती है। उन्होंने अपील की कि इसकी अनुपालना में सरपंच प्रशासन का सहयोग करें। बीडीपीओ ने कहा कि सरपंच यह सुनिश्चित करें की इस समय उनकी ग्राम पंचायत के अंतर्गत किसी राजनैतिक पार्टी का कोई होडिंर्ग, बैनर, पोस्टर लगा हुआ नहीं हैं।

### कांग्रेस के खाते फ्रिज करना गैरकानूनी एवं अलोकतांत्रिकः सिंह

**भिवानी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप सिंह ने सरकार द्वारा कांग्रेस के खाते सीज करने की कार्रवाई को पूरी तरह गैर-कानूनी एवं अलोकतांत्रिक करार दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आचार संहिता लगी हुई है, लेकिन ठीक चुनाव के मध्य देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के विरूद्ध ऐसी कार्रवाई राजनीतिक द्वेष को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रत्येक दल को लेवल प्लेयिंग फील्ड मिलना चाहिए। चुनाव के दौरान सभी दलों को समान अवसर प्राप्त होने आवश्यक है।

## गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं स्पेशल स्कूल व पुनर्वास स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि रोहन सिरोही, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी, भिवानी, सानिध्य महंत चरण दास व अध्यक्षता डॉ. धर्मवीर ढिल्लो, प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी, अधिवक्ता अवतार सांगवान, विनोद बेडवाल, समरवीर सिंह, सुनील सिंह, अधिवक्ता प्रिया लेघा,दीपक मित्तल, संदीप केजरीवाल, जय सिंह तंवर, राजीव तंवर, अधिवक्ता रोशन लाल,श्री रमेश, बाल कल्याण समिति सदस्य, सतेंद्र तंवर बाल कल्याण समिति सदस्य, संदीप, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिपाल तंवर आदि अतिथियो का संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने स्वागत किया व सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व गुलाल लगाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथी ने दिव्यांग बच्चो को गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया व समाज में भाईचारा ,सोहार्द व रंगों के त्यौहार व होली कि शुभकामनाये देते हुए फूलो व गुलाल से होली खेलने का सन्देश दिया। दिव्यांग बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए व सभी को गुलाल लगाकर सबका मन मोहा व समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज की तथा मुख्य अतिथी व आये हुए अतिथियों ने संबोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चो कि प्रस्तुतियां देखकर यही कहा जा सकता कि इनमे कोई दिव्यांग बच्चा नहीं है।

### प्रत्येक युवक युवती मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती दे : डॉ. मान

# स्कीमों का लाभ उठाकर बन सकते हैं आत्मनिर्भर

- स्वयंसेवकों को मिनी डेरी स्कीम के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** कॉलेज परिसर की साफ सफाई करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सौजन्य से कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत एनएसएस गीत के साथ हुई। एनएसएस अधिकारी पूनम जोगपाल ने स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भर भारत के विषय में चर्चा की। तत्पश्चात वेटनरी सर्जन डॉ. नरेश कनोजिया ने स्वयंसेवकों को प्रदेश सरकार की मिनी डेरी स्कीम के बारे में जानकारी दी और बताया कि इन स्कीम का लाभ उठाकर हम लोग आत्मनिर्भर बन सकते है। एनएसएस अधिकारी मदन सिंह ने डॉ. नरेश का धन्यवाद किया और बताया कि ये जानकारी हमारे विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभकारी होगा। सांयकालीन संत्र में स्वयंसेवकों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। एनएसएस अधिकारी डॉ. सुदेश ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। इसके बाद एनएसएस अधिकारियों के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकली। बच्चों ने अपने हाथों में मतदान के प्रति जागरुक करने के श्लोगन लिखी पट्टियां लेकर लोगों को जागरुक किया। महाविद्यालय के प्रेस प्रभारी डॉ. जगबीर मान ने बताया कि महाविद्यालय में समय समय पर सामाजिक मुद्दों व बुराईयों को लेकर जागरूकता रैली निकाली जाती है और लोगों को सही मार्गदर्शन किया जाता हैं। डॉ. मान ने कहा कि प्रत्येक 18 वर्ष के युवक युवतियों को अपना वोट बनवाना चाहिए एवं अपने विवेक से सही प्रत्याशी का चयन कर मतदान करना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती में एक एक वोट अहम भूमिका निभाता हैं, इसलिए प्रत्येक को मतदान कर इसमें योगदान देना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को शत प्रतिशत मतदान करने एवं करवाने का आह्वान किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हांसी में दुकानों पर मारे छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



त्योहारी सीजन को देखते हुए हिसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को हांसी में मिठाई व किरयाना की दुकानों का निरीक्षण कर आधा दर्जन सेंपल लिए। विभाग ने पेड़ा, पनीर, सुजी गुड़, बुरा व सरसों के तेल किरयाना के सामान के करीब आधा दर्जन सैंपल लिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिए गए सैंपलों को जांच के लिए जांच लैबोरेटरी चंडीगढ़ भेजा जाएगा।

जांच रिपोर्ट रिपोर्ट आने पर रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सैंपल लिए जाने की सूचना मिलने पर बाजार में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर अंडरग्राउंड हो गए। जानकारी के अनुसार त्योहारों के सीजन में कुछ दुकानदार पुराना व मिलावटी सामान तथा सब स्टैंडर्ड मिठाई बेचने का प्रयास करते हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है और किरयाना स्टोर पर संदिग्ध सामान व मिठाई के सैंपल लिए गए हैं। दुकानों से लिए गए सैंपलों को जांच के लिए चंडीगढ़ लैब भेजा जाएगा और जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



भिवानी। बच्चे को गुलाल का तिलक लगाकर होली उत्सव मनाते स्कूल प्रबंधक आनंद बासिया।

## होली रंगों, प्रेम व आपसी भाईचारे का प्रतीकः बासिया

**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में होली का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया। होली भारतीय संस्कृति में हमेशा से विविधता में एकता का पर्याय रही है, यही संदेश विद्यालय के बच्चों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दिया। विद्यालय परिसर में बच्चों ने होली पर रंग-बिरंगे रंगों से होली खेलकर खूब मस्ती की। अध्यापकों ने भी एक दूसरे को रंगों से तिलक लगाकर प्रेम व आपसी भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधक आनंद बसिया ने सबको होली की बधाई दी।

## 61 ने रक्तदान कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**भिवानी।** शहीदी दिवस की पूर्व संध्या वंशिका फाउंडेशन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि शिविर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा की अगुवाई में लगाया गया। शिविर में रक्तवीर राजेश डूडेजा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौंसला अफजाई की। शिविर में 61 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शहीदों को श्रदांजलि दी।

## युवा गहन ऊर्जा एवं उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए

**चरखी दादरी।** युवा शक्ति देश एवं समाज की रीढ़ होती है, युवा देश व समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान हैं, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। ये बात राजकीय कॉलेज में आयोजित एनएसएस शिविर के सांय कालीन सत्र के दौरान बतौर मुख्य वक्ता युवाओं को संबोधित करते हुए आर्यन कोचिंग सेंटर संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने कही।

## महिला महाविद्यालय में होली उत्सव का आयोजन

**तोशाम।** शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में होली उत्सव का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत छात्राओं ने होली के लोकगीत गाए तथा नृत्य कर उत्सव की खुशी जाहिर की तथा आपस में एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य मंजीत सिंह ने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं को आगामी परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

### अमर शहीदों की कुर्बानी को याद कर उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत: वक्ता

# शहीदी दिवस आज, समारोह की तैयारी के लिए भगत सिंह चौक की साफ सफाई की

- 23 को सायंकाल होने वाले सांस्कृतिक वैचारिक कार्यक्रम को सफल बनाने को मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहीद यादगार कमेटी की ओर से शहीद भगतसिंह स्मारक स्थल हुड्डा सेक्टर 13 व 23 में कमेटी के सदस्यों ने सफाई अभियान चलाया तथा 23 मार्च को उसी स्थल पर सांयकाल सात बजे होने वाले सांस्कृतिक वैचारिक कार्यक्रम को अन्तिम रूप दिया। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव तथा अन्य क्रान्तिकारियों पर देशभक्ति की रागनियां सुनाई जाएंगी, इसमें रागनी गायक जयपाल साहू व बिजेन्द्र धनासरी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड कमीश्नर सुरेश कुमार गोयल करेंगे। कमेटी के संयोजक रिटायर्ड बिजली एक्शन सज्जन कुमार सिंगला ने कहा कि जिन शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर देश को साम्राज्यवाद से आजाद करवाया तथा जिन्होंने एक समानता आधारित शोषण विहीन समाज व्यवस्था बनाने का सपना संजोया था, आज उस आजादी व सपने को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। कारपोरेट साम्प्रदायिक गठजोड़ की सत्ता से आजाद भारत के संविधान, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य, उसकी सस्थाओं को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। देश में संघीय ढांचे, आर्थिक सम्प्रुभता, सामाजिक कल्याण व अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अघोषित रूप से तानाशाही राज कायम कर दिया है, ऐसे कठिन दौर में उन शहीदों की कुर्बानी को याद करना तथा उनके आदर्शो पर चलना बहुत ही आवश्यक हो गया है, ताकि हमारी त्याग, तपस्या की विरासत एवं भावी पीढ़ियों का भविष्य बचाया जा सके। कार्यक्रम में किसान नेता रामफल देशवाल, कमलसिंह प्रधान, कामरेड ओमप्रकाश, महेन्द्र तंवर, कंवरसिंह जांगड़ा, रत्नकुमार जिंदल, सुखदेव पालुवास, नरेंद्र धनाना, विद्यानगर धर्मशाला के प्रधान वीरेन्द्र किरोड़ी, अतरचन्द, प्राचार्य ओमप्रकाश जांगड़ा आदि मौजूद रहे।





भिवानी। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते तथा शहीदों के चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करते अतिथि, ब्रह्माकुमारीज भाई बहन। फोटो: हरिभूमि

## 54 युवाओं ने रक्तदान कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

- ग्रामीण पुस्तकालय तिवाला में शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**चरखी दादरी।** महान क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह राजगुरु व सुखदेव के शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर ग्रामीण पुस्तकालय तिवाला में ग्राम पंचायत ब्रह्माकुमारीज झोझूकलां, किसान क्लब, ग्रामीण विकास मंडल के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कैंप का शुभारंभ मुख्यतिथि बैंक मैनेजर शेखर गुप्ता, क्षेत्रीय प्रभारी ब्रह्माकुमारी वसुधा, सरपंच अनिल, किसान क्लब अध्यक्ष अशोक, बृजेश विरमानी, पुस्तकालय प्रबंधक राजवीर, नित्यानंद, संयोजक मास्टर सुनील, बिशन आर्य ने रिबन काटकर एवं रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। शिविर में 54 युवाओं ने रक्तदान किया। बैंक प्रबंधक गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं है, किसी दूसरे को जीवन दान देना महान पुण्य का कार्य है। ब्रह्माकुमारी वसुधा ने भारत मां के वीर सपूतों अमर शहीदों को नमन किया और कहा कि रक्तदान महादान अनजान को जीवनदान, शुद्ध व श्रेष्ठ संकल्प से दिया गया रक्त जरूरतमंद को कई गुणा फायदा पहुंचाएगा। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी रक्तदाताओं को ईश्वरीय साहित्य भेंट की और कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में अपना समाज को श्रेष्ठ बनाने में भी अपना सहयोग दें। ग्रामीण विकास मंडल सचिव एवं कैंप संयोजक सुनील, आर्य व राज्य शिक्षक अवॉर्डी हरपाल आर्य ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर पुण्य का कोई कार्य नहीं है। सरपंच अनिल ने सबका आभार जताया। अतिथियों ने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## शहीदों की याद में कवि सम्मेलन आज पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु होंगे मुख्यातिथि

**भिवानी।** हांसी गेट स्थित श्रीरामकुंज सत्संग भवन में शहीद स्मृति सभा द्वारा बलिदान दिवस पर 23 मार्च शनिवार को शाम आठ बजे एक शाम अमर शहीदों के नाम 49वां विशाल राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सभा के संस्थापक भागीरथ शर्मा मराठा, अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल व महामंत्री डॉ. पुरुषोत्तम पुष्प ने बताया कि हर वर्ष की भांति शहीदी दिवस पर अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरू की स्मृति में एक शाम अमर शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। उन्होंने कहा कि अबकी बार होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम महंत वेदनाथ व महंत चरणदास के सान्निध्य में होगा तथा पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे। वहीं प्रख्यात उद्योगपति डॉ. डीवी ढ़िल्लों अति विशिष्ट अतिथि तथा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यजीत पिलानियां समारोह अध्यक्ष होंगे। उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में दिल्ली से कुलदीप ललकार, मुजफ्फरनगर से प्रीति अग्रवाल, लखनऊ से व्यंजना शुक्ला, अलीगढ़ से अशोक अंजुम व भारती शर्मा, इंदौर से सत्येन वर्मा, हास्यकवि आलोक भांडोरिया व गीतकार डॉ. रमाकांत शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## द ऑकवुड स्कूल में छात्रों को बताया जल संरक्षण का महत्व

- बढ़ते जल संकट के कारण बच्चों का जीवन एवं भविष्य खतरे में : भारद्वाज
- जल संकट के कारण खेती, व्यवसाय व आम आदमी समस्याओं से घिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आज पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है, जिसके कारण बच्चों का जीवन एवं भविष्य खतरे में है। दुनिया में 3 फीसदी से भी कम ताजे पानी के स्त्रोत हैं और यह आंकड़ा लगातार कम ही होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि बढ़ते जल संकट पर ब्रेक लगाने के लिए आज से जल की बर्बादी रोके, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इस महासंकट से ना जूझना पड़े। विद्यार्थियों को जल का महत्व बताने के उद्देश्य से विश्व जल दिवस पर शुक्रवार को द ऑकवुड स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने कहा कि आज पूरा विश्व गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। अनेक देश अपनी आवश्यकता अनुरूप जल की उपलब्धता से जूझ रहे है, जिसके परिणाम स्वरूप वहां की खेती, व्यवसाय व आम आदमी का जीवन अनेक समस्याओं से घिरा हुआ है। प्राचार्य ने कहा कि भारत में प्राकृतिक रूप से प्रचुर मात्रा में जल उपलब्ध है, परन्तु जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण की वजह से पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध नहीं है और यह समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर रूप लेती जा रही है।

## डिफेंस कोचिंग एकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



चरखी दादरी। सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

**चरखी दादरी।** ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में डिफेंस कोचिंग एकेडमी के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। एकेडमी के 60 बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें सभी ने परीक्षा पास की। छठी कक्षा में दिशांक फौगाट ने 300 में से 273 अंक प्राप्त किए, भव्य सांगवान ने 271, चेतना यादव ने 260, हर्ष घनघस 260 अंक रविशचंद्र ने 253 अंक, अंशु श्योरण ने 251 अंक, मनन धवन ने 250 अंक, दिनेश डाला ने 247, लक्ष्य बैनीवाल ने 247 अंक, पीयूष दिशोदिया ने 242 अंक प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि कक्षा नौवीं में रोहित कादयान ने 364 अंक प्राप्त किए। आई क्यू 50 में 50 अंक, प्राप्त कर कुनाल चाहार ने 348 अंक आई क्यू में 50 में 50 अंक, रितिका लाड ने 338 अंक प्राप्त कर स्वयं में अनौखा रिकार्ड बनाया है।

## शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर शहिद चंद्रशेखर आजाद चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी अधिकारी। फोटो: हरिभमि

11 हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह के दिशा निर्देशन में भिवानी के शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक पर एन सी सी कैडेट्स के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह ने एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए बताया कि23 मार्च 1931 को आजादी की लड़ाई में शामिल क्त्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी। अंग्रेजों ने सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने पर उन्हें फांसी की सजा सुनाई और भारतीयों के आक्रोश के डर के कारण तय तारीख से एक दिन पहले गुपचुप तरीके से तीनों को फांसी पर लटका दिया। अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए शहीद दिवस मनाते हैं। इस दिन आजादी की लड़ाई में अपनी जान कुर्बान करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है।आदमी को मारा जा सकता है उसके विचार को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है। बम फेंकने के बाद भगतसिंह द्वारा फेंके गए पर्चों में यह लिखा था।

## सीबीएलयू में महिला उत्कृष्टता उत्सव मनाया

- कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह ने किया महिला कर्मियों और उद्यमशील महिलाओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





भिवानी। मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में महिला उत्कृष्टता उत्सव कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह के संयुक्त दिशा निर्देशन में मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रो दीप्ति धर्माणी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बेटियां आगे बढ़ रही हैं।

भारतीय संस्कृति में नारी को पूज्यनीय माना गया है और बराबरी की बात हमारी संस्कृति की नही है यह बाहर से आई है। उन्होंने कहा की सम्मान केवल शब्दों से ही नहीं होता। उन्होंने कहा कि परिवार मैं से नहीं हम से चलता है इसलिए हम एक दूसरे का सम्मान करें और परिवार एवं जीवन को आपसी सामजस्य से चलाएं। उन्होंने कहा कि बराबरी कभी पूरी नहीं होती बस एक प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि हम बेटों की भी बेटियों की तरह चिंता कर उन्हें बेटियों की तरह संस्कारित करें। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से किसी भी प्रकार की गाली प्रयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं और अपने विश्वविद्यालय में महिलाओं की संख्या अधिक है और इस विश्वविद्यालय की कुलपति एवं कुलसचिव दोनों भी खुद महिला हैं। उन्होंने कहा कि हम हर वर्ष विश्वविद्यालय में महिला दिवस मनाते हैं। उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए महिलाओं को और अधिक सशक्त होने का आह्वान किया। डीन एफसीएम प्रो. सुनीता भरतवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वावलंबन पर विस्तृत विचार रखे।

## राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं युवा

- राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर से अनेक विद्वानो ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है यहा की मिट्टी की खुशबू सदा से भारत का गौरव रही है जो कि पूरे विश्व में रह रहे भारतीयों के दिलों में आज भी व्याप्त है।युवावर्ग अपने कर्मो् से राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा करे यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई.एक के द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन के कुशल नेतृत्व एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजक हिंदी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कामना कौशिक के संयोजन, अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर धीरज त्रिखा के सह.संयोजन एवं आयोजन सचिव गणित की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.सीमा बंसल की देख रेख में मेरी माटी मेरा देश विषय पर उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से अनुमोदित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ती धर्माणी ने कही। उन्होंने कहा कि हम भारतीय हैं लेकिन हम भारत को ही अच्छी तरह से नही जानते इसके लिए हम सबको मिलकर चिंतन करना होगा ओर एक लो को जलाकर उसे ज्वालामुखी का रूप देना होगा तभी देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता हैं।





भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन मुख्यअतिथि। फोटो: हरिभूमि

## 800 मीटर रेस में गणित प्रवक्ता तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर गणित प्रवक्ता कार्यरत शशिकांत सैनी का ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023.24 में 800 मीटर रेस में तृतीय स्थान पर किया। उनके विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्या पुष्पा जोशी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 800 मीटर 50.60 वर्ष आयु वर्ग में करवाई गई थी और उनके विद्यालय के गणित प्रवक्ता शशिकांत द्वारा इसे अपनी भागीदारी अदा करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गणित प्रवक्ता शशिकांत सैनी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 19 मार्च से 21 मार्च तक चंडीगढ़ स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में आोजित करवाई गई और उनकी एथलेटिक्स में रूचि है जिसके चलते वे ऐसे आयोजनों में भाग लेते हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार, मंदीप, विजय, संगीता, पूनम, कृष्णा, कांता, आनंद, अनीता, सोनू सहित अनेक मौजूद रहे।



बवानीखेड़ा। गांव लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बतौर गणित प्रवक्ता कार्यरत शशिकांत सैनी का ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 .24 में 800 मीटर रेस में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### पीड़ितों को न्याय दिलाने को ही आयोग का हुआ गठनः डॉ. रविंद्र

## पीड़ित को न्याय दिलाने बाड़वा पहुंचे एससी आयोग के चेयरमैन

- अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से होने वाले अन्याय को खत्म करना ही उद्देश्य : बड़गुज्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बीते दिनों गांव बड़वा में अनुसूचित जाति से संबंद्ध रखने वाले युवक की हत्या हो गई थी, युवक की हत्या की खबर अखबारों में प्रकाशित होने के बाद मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के उद्देश्य से हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. रविंद्र बलियाला, वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर व सदस्य रत्नलाल बामणिया शुक्रवार को गांव बड़वा पहुंचे। इस दौरान उनके साथ संबंधित डीएसपी, एसएचओ व जिला कल्याण अधिकारी मौजूद रहे। आयोग के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के गांव में पहुंचने की सूचना मिलते ही करीबन 200 ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा ग्रामीणों ने उन्हें मामले की पूरी जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि हत्याकांड में एक व्यक्ति नहीं, बल्कि अनेक लोगों की संलिप्ता होने का अंदेशा है, ऐसे में वे मांग करते है कि पीड़ितों को न्याय दिलवाया जाए। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद चेयरमैन व वाईस चेयरमैन ने मौके पर ही एसपी को फोन किया तथा निर्देश दिए कि मामले का जल्द समाधान किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पीड़ितों को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए।



भिवानी। पीड़ित परिवार से उनके घर पर बातचीत करते हरियाणा एससी आयोग के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन। फोटो: हरिभूमि

### लोगों से पुलिस पर भरोसा रखने का आह्वान

चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने को हरियाणा एससी आयोग का गठन किया है, प्रदेश सरकार का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से होने वाले अन्याय को खत्म करना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर प्रदेश व देश की तरक्की में योगदान दें पाए। चेयरमैन व वाईस चेयरमैन ने कहा कि उनका उद्देश्य रहता है कि प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलवाया जा सकें। इसी उद्देश्य को लेकर वे गांव बड़वा पहुंचे तथा हत्या के आरोपियों को सजा दिलवाए जाने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे प्रदेश सरकार व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर भरोसा रखे, जिसके बाद जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़ित को न्याय दिलवाया जा सकेंगा।



## फाऊंडेशन के बैनर तले बच्चों ने दिया पानी बचाने का संदेश

**भिवानी।** हमारा अपना फाऊंडेशन के बैनर तले पब्लिक स्कूल बाल भवन, हैप्पी पब्लिक स्कूल,जीडी गोयनका स्कूल के बच्चों ने शहर में जुलूस निकालकर लोगों को पानी बचाने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से बच्चों ने पानी के महत्व के बारे में जानकारी दी। जागरूकता रैली को हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बच्चों ने पानी बचाने के लिए लोगों में पम्पलेट आदि भी वितरित किए। इस मौके पर सिंगला अस्पताल के संचालक डॉ. संजय सिंगला ने बच्चों को जल दिवस और जल संरक्षण के बारे में बारीकी से जानकारी दी।